dainikbhaskar.com

# स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल थानागाजी में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

थानागाजी| अंग्रेजी माध्यम के सीबीएसई विद्यालय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय नाथूसर ब्लाक थानागाजी में सत्र 2025-26 में कक्षा 1 से 9 में रिक्त सीटों के विरुद्ध राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा जारी प्रवेश नीति के अनुसार प्रवेश प्रारम्भ हो गए है। प्रधानाचार्य जयराम मीणा ने बताया कि इच्छुक आवेदक प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 7 मार्च से विद्यालय समय में प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 17 मार्च है। कक्षा 1 से 8 के लिए चयनित आवेदकों की सूची 21 मार्च को जारी की जाएगी। 29 मार्च से चयनित आवेदकों से प्रवेश फॉर्म भरवाए जाएंगे। कक्षा 9 के लिए प्रवेश परीक्षा 19 मार्च को विद्यालय में होगी। 24 मार्च को परीक्षा परिणाम जारी होगा तथा 30 मार्च तक कक्षा 9 के लिए चयनित आवेदकों के फॉर्म भरे जाएंगे।